**Regarding construction of a bridge fromDhantulsi to Dandupur**

**डॉ. विनोद कुमार बिंद (भदोही) :** धन्यवाद सभापति महोदय, आपने शून्य काल में बोलने का अवसर दिया । मैं अपने क्षेत्र की महत्वपूर्ण समस्या पर अपनी बात कहना चाहूँ गा । मेरे संसदीय क्षेत्र में पूनिया क्षेत्र है, वहां बहुत अधिक संख्या में लोग रहते हैं । वहां कई धार्मिक स्थल भी हैं, जैसे- सीता समाहित, लव-कुश जन्मस्थली, वाल्मीकि जन्मस्थली । वहां आने वाले लोगों को इलाहाबाद जाना होता है, प्रयागराज संगम जाना होता है, मध्य प्रदेश मैहर देवी के दर्शन के लिए जाना होता है और इसके लिए उन्हें काफी दूरी तय करनी पड़ती है । मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करूंगा कि धनतुलसी से देंडूपुर का एक किलोमीटर का पुल है, उस पुल का निर्माण होना चाहिए ।